## संपादकीय

# मारक वेरिएंट के खिलाफ नयी मुहिम

दुनिया में कोरोना के डेल्टा वेरिएंट के बढ़ते हुए मामलों के बीच एक और नया वेरिएंट सामने आया है जो ज्यादा संक्रामक है और वैक्सीन को निष्प्रभावी कर सकता है। दक्षिण अफ्रीका के वैज्ञानिकों द्वारा खोजे गए इस वेरिएंट का नाम 'सी.1.2' रखा गया है। यह वेरिएंट दक्षिण अफ्रीका के अलावा इंग्लैंड, चीन, पुर्तगाल, मॉरीशस, स्विट्जरलैंड और डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में भी पाया गया है। इस वेरिएंट के बारे में सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि इसमें दूसरे वेरिएंट्स की तुलना में परिवर्तन (म्यूटेशन) की दर बहुत ज्यादा है। कोरोना वायरस से लड़ने के लिए इस समय इस्तेमाल की जा रही वैक्सीनें आमतौर पर असरदार सिद्ध हुई हैं। लेकिन अब वैक्सीन ले चुके लोगों के फिर से संक्रमित होने और वायरस के नये वेरिएंट सामने आने के बाद ज्यादा प्रभावशाली वैक्सीन का विकास जरूरी हो गया है। अमेरिका में नॉर्थवेस्टर्न विश्वविद्यालय के रिसर्चरों ने चूहों पर किए गए प्रयोग में कोरोना वायरस के स्पाइक प्रोटीन पर आधारित मौजूदा वैक्सीनों को अधिक कारगर बनाने के लिए उसमें एक नया एंटीजन (रोगोत्पादक पदार्थ) मिलाया। इस एंटीजन को न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन कहा जाता है। रिसर्चरों का कहना है कि यह प्रोटीन स्पाइक प्रोटीन की तुलना में इम्यून सिस्टम को अधिक तेजी के साथ सक्रिय कर सकता है।

नॉर्थवेस्टर्न विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी और इम्यूनोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर और नये अध्ययन के सह-लेखक पाब्लो पेनालोजा-मैकमास्टर ने कहा कि हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि कोरोना वायरस के नये वेरिएंट के खिलाफ अधिक प्रभावी वैक्सीन कौन सी हो सकती है। ऐसा लगता है कि वैक्सीन में न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन मिलाने से वह ज्यादा ताकतवर हो सकती है। नयी वैक्सीन चूहों में पुनर्संक्रमण के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करने में सफल रही। वैक्सीन की डोज पूरी होने के बाद होने वाले संक्रमण को 'ब्रेकथ्रू इंफेक्शन' भी कहा जाता है। इस तरह के इंफेक्शन के खिलाफ मौजूदा स्पाइक प्रोटीन आधारित वैक्सीन और अतिरिक्त एंटीजन से युक्त वैक्सीन के प्रभाव का पता लगाने के लिए यह पहला अध्ययन है।

ध्यान रहे कि कोरोना वायरस का बहुचर्चित स्पाइक प्रोटीन वायरस के बाहर होता है जबकि न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन वायरस के भीतर होता है। पेनालोजा-मैकमास्टर ने कहा कि न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन उन प्रोटीनों में से है, जिनकी अभिव्यक्ति तेजी से होती है। इसकी वजह से इसका डिटेक्शन शीघ्र होता है। शायद इसी कारण से यह चूहों में ब्रेकथ्रू इंफेक्शन को रोकने में कारगर सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि किसी कोशिका के सार्स-कोव-2 वायरस के संक्रमित होने के बाद हम चाहते हैं कि शरीर की टी-कोशिकाएं जल्द से जल्द इस संक्रमित कोशिका का पता लगाएं। पेनालोजा-मैकमास्टर का कहना है कि यदि टी-कोशिकाएं कोरोना वायरस के जीवन चक्र के दौरान शुरू में अभिव्यक्त होने वाले प्रोटीनों का पता लगा सकती हैं तो हम वायरस के अनियंत्रित होने से पहले ही संक्रमण को रोक सकते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें अभी से ऐसी भावी वैक्सीन के बारे में सोचना शुरू कर देना चाहिए जो न सिर्फ परिवर्तनशील स्पाइक को निशाना बनाए बल्कि न्यूक्लियोकैप्सिड जैसे वायरस के उन हिस्सों को भी निशाना बनाए, जिनमें ज्यादा परिवर्तन नहीं होता। अपने अध्ययन के निष्कर्षों पर पहुंचने से पहले वैज्ञानिकों ने चूहों को सार्स-कोव-2 के स्पाइक प्रोटीन से बनी वैक्सीन, सिर्फ न्यूक्लियोकैप्सिड प्रोटीन से बनी वैक्सीन और दोनों प्रोटीनों से बनी वैक्सीन लगाई। कई हफ्तों बाद शोधकर्ताओं ने इन चूहों की नाक का संपर्क कोरोना वायरस से किया। इसके पश्चात उन्होंने चूहों की श्वसन और स्नायु प्रणाली में वायरस के लोड का हिसाब लगाया। इस अध्ययन के आधार पर विज्ञानी यह तय करने में सफल रहे कि कौन-सी वैक्सीन ब्रेकथ्रू इंफेक्शन से बचाव करने में कितनी असरदार रही।

*-मुकुल व्यास*

# बायर्स से किया हर वादा बिल्डर्स को पूरा करना होगा : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** एक मामले की सुनवाई के दौरान सर्वोच्च अदालत ने आदेश दिया है कि अब अधूरे प्रोजेक्ट डिलीवर करने पर बिल्डर्स को मुआवजा देना होगा। कोर्ट ने कहा कि बिल्डर्स को बायर्स से किया गया हर वादा पूरा करना होगा। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि बायर्स को किए गए वादे के मुताबिक प्रोजेक्ट के बुनियादी ढांचे में शिकायत और उसमें मौजूद सुविधाओं (जिनका वादा किया गया था) के बिना फ्लैट डिलीवर करने यानी प्रोजेक्ट के अधूरा होने की स्थिति में बिल्डर्स को RWA को मुआवजा देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बिल्डर्स घर खरीदने वाले लोगों से किए को गए सभी वादे, सभी बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के बिना घर नहीं सौंपेंगे और अगर उनकी परियोजना समय पर घर दिए जाने के किए गए वादे के मुताबिक अधूरी हो तो बिल्डर्स को RWA को मुआवज़ा देना होगा। दरअसल दिल्ली से सटे गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) के एक प्रोजेक्ट, रॉयल गार्डन सोसाइटी से जुड़े केस की सुनवाई अदालत में चल रही थी। इस मामले में बिल्डर पद्मिनी इंफ्रास्ट्रक्चर (Padmini Infrastructure) ने 18 साल पहले सोसोइटी को वाटर सॉफ्टनिंग प्लांट, हेल्थ क्लब, स्विमिंग पूल, और फायर फाइटिंग सिस्टम देने का वादा किया था और इन वादों को पूरा किए बिना ही प्रोजेक्ट को हैंडओवर कर दिया था। इस मामले को लेकर कोर्ट में लंबा विवाद चला था, जिसमें 18 साल के बाद आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने इंसाफ किया है और बिल्डर कंपनी को RWA को 60 लाख रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है।

# डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में मदद मिली : सीतारमण

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में भारत ने वित्तीय सेवाओं को लोकतांत्रिकीकरण किया है और डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को तीव्र गति से लागू कर वित्तीय समावेशन को बढ़ाने तथा संयुक्त राष्ट्र के एसडीजी लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ा है।

श्रीमती सीतारमण ने इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, नीति आयोग, रिजर्व बैंक के इन्नोवेशन हब, स्टार्टअप इंडिया, इनवेशट इंडिया , विश्व बैंक , सीबीकेन्या और यूएनसीडीएफ के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2021 में यूएन प्रिंसिपल फॉर रिस्पॉंसिबल डिजिटल पेमेंट को लॉच किया। इसके बाद उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संयुक्त राष्ट्र का यह सिद्धांत विश्वास, आपसी सहमति, निजता और अंतिम उपयोगकर्ता के पंसद के सिद्धांत पर आधारित डिजिटल भुगतान के सभी हितधारकों के महत्वपूर्ण संसाधनों को पूरा करेगा।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के बेटर दैन कैश गठबंधन की अगुवाई में यह सिद्धांत भुगतान के मध्य में उपयोगकर्ता को रखा है। इसमें महिलाओं को ग्रामीण क्षेत्र में रहने वालों पर भी ध्यान दिया गया है जो अब तक औपचारिक वित्तीय सेवाओं से बाहर रहे हैं।

# हमें गेंदबाजी और बल्लेबाजी पर काम करने की जरूरत है : संजू सैमसन



**दुबई ।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल 14 के 41वें मैच में हार के बाद कहा कि उन्हें लगता है कि यह एक अच्छा स्कोर था। विकेट थोड़ा गिला था। कोलकाता के गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे थे। हम 10 से 20 रन और बना सकते थे।

सैमसन ने मैच के बाद कहा, एक गिले विकेट पर एक बार जब आप शुरुआत कर लेते हैं तो आपको आगे बढ़ते रहना होता है। मैं पावरप्ले के बाद आगे बढ़ना चाहता था, लेकिन हम विकेट गंवाते रहे, इसलिए मैं एक छोर पर टिके रहना चाहता था और साझेदारी करना चाहता था। हम उन्हें चुनौती देने के लिए एक सम्मानजनक टोटल स्कोरबोर्ड पर लगाना चाहते थे, लेकिन टाइमआउट के बाद हमने जो लक्ष्य हमने सोचा था वह हमें मिल गया। हमें गेंदबाजी और बल्लेबाजी पर काम करने की जरूरत है। हमें हर गेंद पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और अच्छी तरह से क्रियान्वयन करना होगा। हमें अपने मानकों को ऊपर उठाने की जरूरत है।

## प्रिंस ने किया शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** मैन ऑफ द मैच प्रिंस मेहरा (150) ने अपने शानदार प्रदर्शन से दिल्ली के श्री गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स में आयोजित स्वस्थ कप ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट 2021 में ज्ञानी क्रिकेट अकादमी वेस्ट पटेल नगर को टर्फ क्रिकेट अकादमी के खिलाफ 4 विकेट से जीत दिलाई। ज्ञानी क्रिकेट अकादमी वेस्ट पटेल नगर - 40 ओवर में 352/7: प्रिंस मेहरा 150 (83 बॉल , 12 चौके , 9 छक्के ), अंकित बिष्ट 73 , ऋषित मेहता (2/41) टर्फ क्रिकेट अकादमी - 156/10 (ऑल आउट) 33.1 ओवर में: अर्जुन सचदेवा 37 , विक्की सूद (3/28), पीयूष पुगलिया (2/17)।

# इंतजार खत्म : 25 तारीख को होगा आईपीएल की दो नई टीमों का ऐलान, बीसीसीआई ने की घोषणा



**मुंबई।** आईपीएल की दो नयी टीमों का एलान आगामी 25 अक्टूबर को किया जाएगा बीसीसीआई ने एक बयान जारी कर यह घोषणा की। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने बताया कि आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने इस बात पर भी मुहर लगा दी है कि 25 अक्तूबर को दो नई फ्रेंचाइजियों के नाम का ऐलान कर दिया जाएगा। बोली जमा करने की समय सीमा हाल ही में 10 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई थी। पता चला है कि अब तक लगभग 11 बोलीदाताओं ने निविदा दस्तावेज़ ख़रीदा था। बीसीसीआई ने प्रत्येक नई फ़्रेंचाइज़ियों के लिए 2000 करोड़ रुपये (लगभग 270 मिलियन अमरीकी डालर) के क्षेत्र में न्यूनतम बोली मूल्य निर्धारित किया है। अहमदाबाद, लखनऊ, गुवाहाटी और कटक सहित छह शहर प्रतिस्पर्धा में हैं, जहां सफल बोली लगाने वाले किसी दो टीम को आईपीएल 2022 में खेलने का मौक़ा मिलेगा।

बीसीसीआई ने 25 अक्तूबर को अगली साइकल (2023-27) के लिए आईपीएल मीडिया अधिकारों के लिए भी एक निविदा जारी करने का फ़ैसला किया है। आईपीएल मीडिया अधिकार क्रिकेट में सबसे आकर्षक और अहम स्थान रखता है। 2017 में, स्टार इंडिया ने 2018-22 सीज़न के लिए - दुनिया भर में टेलीविज़न और डिजिटल दोनों - के लिए आईपीएल अधिकारों को रिकॉर्ड 16,347.5 करोड़ रुपये (तब 2.55 बिलियन अमेरिकी डॉलर) ख़र्च कर अपने नाम किया था।

# भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने सत्यापन शुल्क घटाकर 3 रुपये किया : सीईओ

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई)ने ग्राहकों के लिये आधार सत्यापन को लेकर राशि 20 रुपये से कम कर 3 रुपये कर दी है। इस पहल का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि इकाइयां विभिन्न सेवाओं और लाभों के जरिये लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिये उसकी ढांचागत सुविधाओं का लाभ उठायें। एनपीसीआई-आईएएमएआई द्वारा आयोजित वैश्विक फिनटेक फेस्ट को संबोधित करते हुए यूआईडीएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौरभ गर्ग ने कहा कि वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आधार का लाभ उठाने की अपार संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा, ''हमने प्रति सत्यापन की दर 20 रुपये से घटाकर 3 रुपये कर दी है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विभिन्न एजेंसियां और संस्थान सरकार द्वारा तैयार डिजिटल बुनियादी ढांचे का बेहतर उपयोग कर सकें।मान-सम्मान के साथ लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिये इन बुनियादी ढांचों का उपयोग जरूरी है।'' अब तक 99 करोड़ ई-केवाईसी (अपने ग्राहक को जानें)के लिये आधार प्रणाली का उपयोगकिया गया है।

# फोर्स मोटर्स की ऑफ रोडर एसयूवी गुरखा लॉन्च, कीमत 13.59 लाख



**पुणे ।** वाहन निर्माता कंपनी फोर्स मोटर्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित ऑफ रोडर एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) गुरखा आज लॉन्च कर दी, जिसकी एक्सशोरूम कीमत 13 लाख 59 हजार रुपये है। कंपनी ने गुरखा की लॉन्चिंग के बाद बताया कि बीएस6 एसयूवी गुरखा में 2600 सीसी डीजल इंजन दिया गया है। यह इंजन 1400 आरपीएम से 2400 आरपीएम के बीच 89 बीएचपी की शक्ति और 250 एनएम टॉर्क उत्पन्न करने में सक्षम है। इस इंजन के साथ हाइड्रोलिक रूप से एक्टिव क्लच और केबल शिफ्ट के साथ 5-स्पीड मर्सिडीज जी-28 गियरबॉक्स दिया गया है।

इसमें एडब्ल्यू (ऑल-व्हील-ड्राइव) प्रणाली और लो-रेंज ट्रांसफर केस के साथ फ्रंट और रियर लॉकिंग डिफरेंशियल भी है।

कंपनी का दावा है कि गुरखा एक दमदार ऑफ-रोडर है, जिसमें 4 गुना 4 सिस्टम के साथ ऑफरोडिंग टायर दिये गये हैं, जो किसी भी मुश्किल रास्तों पर सरपट दौड़ सकती है। कंपनी ने इसमें डबल हाइड्रोलिक स्प्रिंग क्वॉइल सस्पेंशन और 16-इंच के ट्यूबलैस टायर दिए हैं। एप्पल कारप्ले और एंड्रॉयड ऑटो कनेक्टिविटी और नेविगेशन को सपोर्ट करने वाला टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम से लैस गुरखा में टिल्ट और टेलिस्कोपिक एडजस्टेबल स्टीयरिंग कॉलम, सेंट्रल लॉकिंग, पावर विंडो, रियर पार्किंग सेंसर, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, वैरिएबल इंटरमिटेंट स्पीड फ्रंट वाइपर, कॉर्नरिंग लैंप, स्पीड सेंसिंग डोर लॉक और वाइपर के साथ सिंगल पीस रियर डोर जैसे फीचर उपलब्ध हैं। इस कॉम्पैक्ट ऑफ-रोड एसयूवी गुरखा में 500-लीटर से ज्यादा का बूट स्पेस मिलता है। इसमें सर्कुलर बाइ-एलईडी हेडलैंप और एलईडी डीआरएल दिए गए हैं।

## आज का राशिफल

*मेष* : दिन के प्रारंभ में आप मानसिक दुविधाओं में खोए हुए रहेंगे। अन्य लोगों के साथ आप जिद्दी व्यवहार छोड़ देंगे और समाधानकारी व्यवहार अपनाएंगे।

*वृषभ* : दिवस के प्रारंभ में आपको शारीरिक तथा मानसिकरुप से स्फूर्ति और आनंद का अनुभव होगा। आपकी सर्जनात्मक तथा कलात्मक शक्ति यों में वृद्धि हो सकती है।

*मिथुन* : आपका आजका दिन मिश्र फलदायी रहेगा। आज आप चिंता से घिरे रहेंगे और शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा नहीं रहेगा। परिवार में भी मतभेद रहेगो।

*कर्क* : आप का दिन प्रातःकाल में पारिवारिक तथा व्यावसायिक क्षेत्र में लाभदायी समय है। स्त्रीवर्ग से लाभ होने का भी योग हैं। प्रियपात्र से भेंट होगी।

*सिंह* : आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। व्यवसाय और व्यापार करनेवालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। व्यापार में वृद्धि होगी।

*कन्या* : नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय अनुकूल है। कार्यालय या व्यावसायिक स्थल पर कार्य भार अधिक रहेगा।

*तुला* : दिन के दौरान नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अधिक कार्य से शिथिलता और मानसिक व्यग्रता का अनुभव आप करेंगे।

*वृश्चिक* : आप आज दांपत्यजीवन को विशेषरूप से मना सकेंगे और उसके सुख का भी अनुभव कर सकेंगे। परिवारजनों के साथ सामाजिक समारोह में समाविष्य होंगे।

*धनु* : आज का दिन शुभफलदायी होगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। शरीर और मन से अस्वस्थ रहते हुए भी आप अपने अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कर सकेंगे।

*मकर* : वैचारिक स्तर पर विशालता और मधुरबाणी से आप अन्यजनों को प्रभावित कर सकेंगे। वाणी की मधुरता आपको नए संबंध बनाने में भी काम आएगी।

*कुंभ* : आज आप आपके प्रत्येक कार्य को आत्मविश्वासपूर्वक ठीक तरह से संपन्न कर सकेंगे। सरकार के साथ आर्थिक व्यवहार में भी आपको सफलता मिलेगी।

*मीन* : आपको चिंता के भारीपन के स्थान में हलकेपन का अनुभव होगा। आनंद और उत्साह में भी वृद्धि होगी।

# मैं कभी किश्तों में प्यार नहीं करती: राधिका मदान



अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म शिद्दत की रिलीज के लिए तैयार अभिनेत्री राधिका मदान ने अपनी लव लाइफ के बारे में बात की है। वह कहती है कि वह किश्तों में प्यार नहीं करती। राधिका ने कहा, मुझे हमेश शिद्दत वाला प्यार ही होता है।

राधिका ने कहा कि किश्तों वाला प्यार मेरे मैं है ही नहीं। नाप तोल के मैं प्यार कर ही नहीं सकती।

राधिका ने 2014 में टेलीविजन शो मेरी आशिकी तुम से ही से अभिनय में अपना करियर शुरू किया। इसके बाद उन्होंने 2018 में पटाखा से बड़े पर्दे पर कदम रखा। इरफान खान-स्टारर अंग्रेजी मीडियम और वेब सीरीज रे में उनके अभिनय की दर्शकों और आलोचकों ने समान रूप से प्रशंसा की।

26 वर्षीय अभिनेत्री का लक्ष्य स्क्रीन पर अपने हर किरदार के साथ आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ पूरी ईमानदारी के साथ किरदार निभाने की कोशिश करती हूं और मैं हर किरदार में अपना 200 प्रतिशत देने की कोशिश करती हूं। मैं बस हर किरदार को अपना सब कुछ देना चाहती हूं।

राधिका ने कहा कि यह रोमांचक भी हो जाता है क्योंकि अगर मैं अपने कम्फर्ट जोन में रहती हूं और वही करती हूं जो मैंने पहले किया है, तो मैं बस अपने कम्फर्ट जोन में रहूंगी और फिर मैं बढ़ना बंद कर दूंगी। मैं बस अंत तक बढ़ना चाहती हूं।

# फिल्मों में विवधतापूर्ण भूमिकाएं हमेशा आकर्षित करती हैं : दिव्या दत्ता



दिव्या दत्ता हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की एक जानी मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपनी शानदार एक्टिंग की वजह से उन्होंने नेशनल ऑवार्ड से लेकर कई ऑवार्ड अपने नाम किए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें विविधतापूर्ण भूमिकाएं करने में मजा आता है। दिव्या ने कहा हर फिल्म को कुछ सीखने का एक नया पड़ाव मानकर स्वीकार करती हैं। मुझे एक जैसी भूमिकाएं पसंद नहीं आतीं, हालांकि कई बार व्यावसायिक दवाब में उन्हें स्वीकार करना पड़ता है। दिव्या ने कहा आज भी किसी प्रोजेक्ट के सेट पर पहला दिन या किसी फिल्म के रिलीज से पहले घबरा जाती हूं। दिव्या ने यह भी खुलासा किया है कि मैं उन डायरेक्टर्स के साथ काम नहीं करती जो सेट पर कहते हैं कुछ भी कर दो। दिव्या कहती हैं किसी भी एक्टर के लिए फिल्म रिलीज की तारीफ परीक्षा के परिणाम की तरह है।

# जायकेदार स्नैक्स है मूंग दाल समोसा



### सामग्री :

मैदा- 1 कप, रिफाइंड तेल- 1/4 कप, नमक स्वादानुसार, ठंडा पानी- 1/4 कप

**भरावन के लिए-** मूंग दाल नमकीन- 1 कप, हींग- 1/4 टीस्पून, जीरा पाउडर- 1 टीस्पून, चाट मसाला- 1 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1 टीस्पून, अमचूर- 1 टीस्पून, नमक-स्वादानुसार, कसूरी मेथी- 1 टीस्पून, सौंफ- 1 टीस्पून, कॉर्नफ्लोर- 1 टेबलस्पून, तेल- फ्राई करने के लिए

### विधि :

**आटे के लिए-** आटे में नमक मिलाएं और तेल से मोयन दें। पहले सूखे आटे को ही हाथों से अच्छी तरह मिक्स कर लें। इसके बाद इसे ठंडे पानी से गूंथ लें। ढककर 30 मिनट के लिए रख दें। 30 मिनट बाद अच्छी तरह से आटे को मिक्स कर लें।

**समोसा भरावन के लिए-** एक प्लेट में मूंग दाल नमकीन, नमक और सारे मसालों को मिक्स कर लें। अब इसे पैन में डालकर हल्का सा भून लें जिससे मसालों से खुशबू आने लगे। गैस बंद कर साइड में रख लें। मिक्सी में चलाकर इसका पाउडर बना लें।


**समोसा बनाने के लिए-** कॉर्नफ्लोर में दो चम्मच पानी डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें। आटे से छोटी-छोटी पूरियां बेल लें। गोल पूरियों को बीच से काट लें। अब एक हिस्से को उठाएं। इसके किनारों को फोल्ड करते हुए तिकोना शेप दें। चिपकाने के लिए कॉर्नफ्लोर वाले घोल का इस्तेमाल करना है। इसमें नमकीन वाला भरावन डालें। फिर इसे भी कॉर्नफ्लोर वाले मिक्सचर लगाकर लॉक कर देंगे। सारे समोसे को ऐसे ही तैयार कर लेंगे।

**फ्राई करने के लिए-** गहरी तली वाली कड़ाही में तेल गर्म करें। समोसे डालें और धीमी आंच पर इन्हें फ्राई करें जिससे समोसा अच्छी तरह से पक जाए।

## शब्द सामर्थ्य- 216

**बाएं से दाएं**
1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**
1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 215 का हल



## सू-दोकू- 216

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.215 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |